सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की मासिक पत्रिका

कोल इंडिया Coal India

CCL

आज़ादी का अमृत महोत्सव

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

# अपनी बात

अंक : 599 वर्ष 44 राँची, दिसम्बर, 2023







# सीसीएल ने नवंबर माह में 7.2 मिलियन टन कोयले का उत्पादन कर बनाया नया कीर्तिमान


सीसीएल देश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पूरी क्षमता के साथ अग्रसर है। इसके लिए सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी के कुशल नेतृत्व तथा भारत सरकार एवं कोयला मंत्रालय के दिशा निर्देश में देश की ऊर्जा आकांक्षाओं को पूरा करने हेतु अपने उत्पादन लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में सतत प्रयासरत है।

सीसीएल ने वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023 – 24 के नवंबर माह में शानदार प्रदर्शन करते हुए 7.2 मिलियन टन कोयले का उत्पादन किया है। ज्ञात हो कि कंपनी के स्थापना के बाद पहली बार सीसीएल ने नवंबर माह में 7 मिलियन टन के आंकड़ा को पार करते हुए यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। कंपनी का आगे भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए अपने निर्धारित लक्ष्य को पार अवश्य करेगी।




# जूनियर वर्ल्ड बॉक्सिंग चौंपियनशिप 2023

## जेएसएसपीएस की सुश्री अमीषा केरकेट्टा ने फाइनल में बनाई जगह




प्रतियोगिता में जीत हासिल करते हुए सुश्री अमीषा केरकेट्टा

आर्मेनिया (अजरबैजान) के येरेवन में आयोजित जूनियर वर्ल्ड बॉक्सिंग चौंपियनशिप 2023 (54 कि. ग्रा. वर्ग) में झारखंड की अमीषा केरकेट्टा ने फाइनल तक पहुँची। सुश्री केरकेट्टा ने बॉक्सिंग चैंपियनशिप के सेमीफइनल में पोलैंड के बॉक्सर एवं यूरोपियन चौंपियन को हराकर यह सफलता हासिल की। इसके पहले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मैक्सिको के बॉक्सर को हराकर उन्होंने सेमीफइनल में अपनी जगह बनाई थी।

झारखण्ड के सिमडेगा जिले के कोनपाला पंडरीपानी गाँव की निवासी सुश्री अमीषा केरकेट्टा वर्ष 2018 से सीसीएल और झारखण्ड सरकार के संयुक्त पहल से चलायी जा रही खेल अकादमी 'झारखंड राज्य खेल प्रोत्साहन सोसाइटी (जेएसएसपीएस)' से मुक्केबाजी के प्रशिक्षक द्रोणाचार्य अवार्डी कैप्टेन ब्रज भूषण मोहंती से प्रशिक्षण ले रही



राँची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट में सुश्री अमीषा केरकेट्टा का स्वागत करते सीएमडी, सीसीएल डॉ. बी वीरा रेड्डी एवं निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र

है। इसके पिता श्री दिलीप केरकेट्टा एवं माता श्रीमती प्रभा केरकेट्टा पेशे से किसान हैं और अपने घर पर ही रहकर खेतीबारी करते हैं।

ज्ञात हो कि यह पहली बार है जब जेएसएसपीएस की कोई बॉक्सर देश का प्रतिनिधित्व कर रही है। सुश्री केरकेट्टा इस प्रतियोगिता के अलावे कई राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर कई मेडल जीत चुकी है।

सीसीएल के सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी के कुशल नेतृत्व में कंपनी अपनी विभिन्न सीएसआर योजनाओं के तहत कमान क्षेत्र के साथ – साथ राज्य के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभावान खिलाडियों के खेल को निखारने के उद्देश्य से उन्हें समुचित प्रशिक्षण मुहैया करा रही है ताकि वे राज्य एवं देश का नाम रौशन कर सकें।

इतना ही नहीं दिनांक 3 दिसंबर को जूनियर वर्ल्ड बॉक्सिंग चौंपियनशिप 2023 के फाइनल एवं खिताबी मुकाबले में सुश्री केरकेट्टा की विजय हो, जिसकी कामना झारखण्ड तथा देश के सभी लोग कर रहे हैं और उसे ढेर सारी शुभकामनायें भी दे रहे हैं।

## सीसीएल द्वारा सुश्री अमीषा केरकेट्टा का भव्य स्वागत

झारखण्ड की बेटी सुश्री अमीषा केरकेट्टा का सीसीएल परिवार द्वारा दिनांक 06 दिसंबर को राँची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया गया। आर्मेनिया के येरेवन में आयोजित आईबीए जूनियर वर्ल्ड बॉक्सिंग चौंपियनशिप 2023 (54 कि. ग्रा. वर्ग) में अमीषा केरकेट्टा ने रजत पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया है।

अवसर विशेष पर सीसीएल सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी तथा निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ने पुष्प गुच्छ देकर सुश्री केरकेट्टा का स्वागत किया।

मीडिया बंधुओं से बात करते हुए अमीषा ने अपने जीत का श्रेय अपने प्रशिक्षक एवं सीसीएल प्रबंधन को दिया। उन्होंने बताया कि ओलिंपिक 2028 में देश के लिए पदक जीतना उनका लक्ष्य है।

ज्ञात हो कि झारखण्ड के ग्रामीण पृष्ठभूमि से सम्बन्ध रखने वाली सुश्री अमीषा केरकेट्टा वर्ष 2018 से सीसीएल और झारखण्ड सरकार के द्वारा संयुक्तरूप से संचालित खेल अकादमी 'झारखंड राज्य खेल प्रोत्साहन सोसाइटी (जेएसएसपीएस)' में मुक्केबाजी की प्रशिक्षण ले रही है। द्रोणाचार्य अवार्डी प्रशिक्षक कैप्टेन ब्रज भूषण मोहंती के सान्निध्य में अमीषा ने मुक्केबाजी के गुर सीखा है।

यह पहला अवसर है जब जेएसएसपीएस की किसी बॉक्सर ने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश की प्रतिनिधित्व की है। सुश्री केरकेट्टा इस प्रतियोगिता के अलावे कई राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर कई मेडल जीत चुकी है।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में जेएसएसपीएस के अधिकारी, कर्मी एवं साथी कैडेट्स ने फूल–माला पहनाकर सुश्री अमीषा केरकेट्टा का स्वागत किया।

# भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया



डॉ. भीमराव अंबेडकर की 67वीं पुण्य तिथि के अवसर पर सीसीएल मुख्यालय के अम्बेडकर उद्यान में उपस्थित निदेशक (तक./संचा.) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (का.) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तक./योजना एवं परियोजना) श्री बी. साईराम, सीवीओ श्री पंकज कुमार, श्रमिक संघ के प्रतिनिधिगण, महाप्रबंधकगण, एवं विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षगण

दिनांक 6 दिसंबर को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 67वीं पुण्य तिथि के अवसर पर सीसीएल मुख्यालय के अम्बेडकर उद्यान में स्थापित बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। अवसर विशेष पर निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना) श्री बी. साईराम, सीवीओ श्री पंकज कुमार सहित श्रमिक संघ के प्रतिनिधिगण, महाप्रबंधकगण, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष तथा भारी संख्या में कर्मी उपस्थित थे।

सीवीओ, श्री पंकज कुमार ने उपस्थित सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब द्वारा समता मूलक एवं शोषण मुक्त समाज के निर्माण हेतु जीवन पर्यन्त प्रयास किया गया। उन्होंने आगे कहा कि बाबा साहब का जीवन हम सभी के लिए अनुकरणीय है।

निदेशकगणों ने भी महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर के महान कार्यों को याद किया। उन्होंने कहा बाबा साहब न केवल शिक्षाविद एवं कानूनविद थे बल्कि सामाजिक वैचारिकी के अगुआ भी थे। उन्हीं के प्रयासों के फलस्वरूप हमें इतना सशक्त और समावेशी संविधान प्राप्त हुआ है।

गणमान्यों ने अपने सम्बोधन में संविधान के अनुकरण के बात को दोहराते हुए बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कार्मिक एवं औद्योगिक सम्बन्ध एवं अन्य विभागों के महत्वपूर्ण योगदान रहा।

“ जिस शिक्षा से हम अपना जीवन निर्माण कर सकें, मनुष्य बन सकें,
चरित्र गठन कर सकें और विचारों का सामंजस्य कर सकें,
वही वास्तव में शिक्षा कहलाने योगय है। ”

– स्वामी विवेकानन्द

# कोयला उत्पादन में सीसीएल का ऐतिहासिक प्रदर्शन

## सबसे तेज 50 मिलियन टन कोयले का उत्पादन




सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड देश की ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए अब तक के इतिहास का सबसे तेज 50 मिलियन टन कोयले का उत्पादन किया है । पिछले वित्तीय वर्ष के तुलना में 25 दिन पहले ही टीम सीसीएल द्वारा इस उपलब्धि को प्राप्त किया गया। कंपनी द्वारा ओबीआर, कोयला प्रेषण तथा उत्पादन में लगातार श्रेष्ठ प्रदर्शन जारी है। ज्ञात हो कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में कंपनी को 84 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे संसाधनों का समुचित उपयोग, बेहतर तकनीकी क्षमता तथा टीम समन्वय के बदौलत टीम सीसीएल सफलतापूर्वक प्राप्त करने की ओर अग्रसर है। कंपनी ने पिछले वित्तीय वर्ष में भी 76 मिलियन टन कोयला उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त किया था।

इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए डॉ. रेड्डी ने कहा कि यह प्रत्येक कर्मी के समर्पण का परिणाम है, उन्होंने आगे कहा कि कंपनी निश्चित रूप से इस वर्ष के उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त कर विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देगी। ज्ञात हो कि सीसीएल द्वारा उत्पादन के साथ–साथ हितग्राहियों के सर्वांगीण विकास के लिए सीएसआर के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल इत्यादि के लिए कई योजनाओं का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त भी कम्पनी पर्यावरणीय रूप से सतत खनन को ध्यान में रखते हुए इको पार्क, वृहत स्तर पर वृक्षारोपण इत्यादि कार्य भी कर रही है।

# सीसीएल में क्षमता निर्माण कार्यशाला आयोजित



दिनांक 16 दिसंबर को मुख्यालय के उमंग सभागार में आयोजित क्षमता निर्माण कार्यशाला को संबोधित करते सीएमडी, सीसीएल डॉ. बी वीरा रेड्डी एवं मंच पर उपस्थित निदेशक (तक./संचा) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (का.) श्री हर्ष नाथ मिश्र एवं निदेशक (तक./यो. एवं परि.) श्री बी. साईराम

सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड में योजना एवं परियोजना विभाग द्वारा दिनांक 16 दिसम्बर को मुख्यालय के उमंग सभागार में सीएमपीडीआईएल से संबंधित कार्यों पर सीसीएल के अधिकारियों की ज्ञान वृ) को लेकर एक क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीसीएल के सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अवसर विशेष पर निदेशक (तकनिकी/संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र एवं निदेशक (तकनिकी/योजना एवं परियोजना) श्री बी. साईराम सहित मुख्यालय के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्षगण भी उपस्थित थे।

कार्यशाला के लिए चुने गए विभिन्न विषयों के लिए विषय विशेषज्ञ के रूप में सीएमपीडीआई, राँची के श्री कंचन सिन्हा, लक्ष्मी दीप, धीरज कुमार चौधरी, उमा शंकर सिंह, एस के दीक्षित और के. नवीन प्रख्यात वक्ता थे। कार्यशाला में कोयला उत्पादन में सीएमपीडीआई की भूमिका पर विस्तार से चर्चा किया गया। कार्यशाला में सीसीएल के सभी क्षेत्रों के अधिकारियों ने भाग लिया।

ज्ञात हो कि सीसीएल सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी के मार्गदर्शन में समय–समय पर कर्मियों के ज्ञानवर्धन हेतु विभिन्न प्रासंगिक विषयों पर कार्यशालाएँ आयोजित की जाती है जिससे कर्मी अद्यतन तकनीकों तथा संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग कर देश की ऊर्जा की पूर्ति में अपना योगदान दे सकें। टीम सीसीएल 84 मिलियन टन कोयला उत्पादन के लक्ष्य की ओर सफलतापूर्वक अग्रसर है। हाल ही में सीसीएल ने पिछले वर्ष की तुलना में 25 दिन पूर्व ही 50 मिलियन टन कोयला का उत्पादन किया है।

कार्यशाला के सफल आयोजन में महाप्रबंधक (योजना एवं परियोजना) एवं उनकी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# गांधीनगर अस्पताल में निःशुल्क हृदय रोग चिकित्सीय शिविर आयोजित

सीसीएल के केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर, कांके रोड, राँची में शुक्रवार, 16 दिसम्बर, 2023 को प्रातः 9 बजे से निःशुल्क हृदय रोग संबंधी चिकित्सीय शिविर (कार्डियक क्लिनिक) का आयोजन किया गया। इस चिकित्सीय शिविर में प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ मैक्स सुपर स्पेशियलिटी, अस्पताल, नई दिल्ली के डॉ. राजीव राठी ने कमान क्षेत्रों सहित राज्य के विभिन्न जिलों से आये 100 से अधिक हृदय रोग से ग्रसित मरीजों का जाँच कर चिकित्सीय सलाह दी।



शिविर में एक मरीज का जाँच करते डॉ. राजीव राठी

सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी के मार्गनिर्देशन में सीसीएल ने अपने कर्मियों एवं हितधारकों के साथ–साथ समाज के हर वर्ग के लिए चिकित्सा सेवा मुहैया कराने के लिए कृतसंकल्पित है। इसके लिए सीसीएल द्वारा समय–समय पर देश के ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ चिकित्सकों को आमंत्रित कर विभिन्न बीमारियों से संबंधित स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है।

# सीसीएल ने खान बचाव प्रतियोगिता में जीते 4 पुरस्कार



52वीं अखिल भारतीय बचाव प्रतियोगिता में पुरस्कार के साथ सीसीएल टीम

टीम सीसीएल ने सिंगरेनी, तेलंगाना में आयोजित 52वीं अखिल भारतीय खान बचाव प्रतियोगिता (AIMRC) 2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 4 पुरस्कार प्राप्त किये।

सीसीएल ए टीम को इस प्रतियोगिता में वैधानिक परीक्षण श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ तथा ओवरऑल दूसरा रनर अप घोषित किया गया। सीसीएल बी टीम के श्री हिमांशु कुमार को इस प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ सदस्य चुना गया। सीसीएल टीम बी ने थ्योरी परीक्षा में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस टीम का नेतृत्व श्री आशीष राम, बरकासयाल क्षेत्र और उप कप्तान श्री प्रियांशु, एनके क्षेत्र ने किया।

इसके अलावा, भारतीय खनन क्षेत्र के इतिहास में पहली बार, महिला बचाव दल ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया और धातु खनन टीमों के बीच समग्र रूप से सर्वश्रेष्ठ टीम बनी, जिसमें सीसीएल की सुश्री संयमी निधि, एनके एरिया भी टीम सदस्य के रूप में शामिल थी।

सीसीएल प्रबंधन के तरफ से इस उपलब्धि के लिए सभी सद. स्यों को बधाई दी गयी। सीसीएल का प्रत्येक कर्मी "सेफ्टी फर्स्ट" का अनुकरण करते हुए देश की ऊर्जा सुरक्षा हेतु प्रतिबद्ध है। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन सीसीएल के खान बचाव के प्रति तैयारी को रेखांकित करता है।

# सीसीएल में हर्षोल्लास के साथ क्रिसमस गैदरिंग आयोजित

दिनांक 19.12.2023 को मुख्यालय के कन्वेंशन सेंटर में जीसस क्राइस्ट के जन्म दिवस को समर्पित क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीसीएल के सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी उपस्थित थे। अवसर विशेष पर निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना) श्री बी. साईराम एवं निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा सहित काफी संख्या में सीसीएल कर्मी उपस्थित थे। सभी ने मिलजुल कर भव्य तरीके से इस अवसर को मनाया।

डॉ. बी. वीरा रेड्डी ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि जीसस क्राइस्ट का जीवन हमें एकता और समरसता का सन्देश देते हुए सभी प्राणियों के प्रति दयालु होना सिखाता है। कार्यक्रम का औपचारिक शुरुआत कैंडल जलाकर किया गया। इस अवसर पर मुख्यालय के मसीह समुदाय के कर्मियों ने वाद्य यंत्रों से सुसज्जित गीत–संगीत की प्रस्तुति दी।




क्रिसमस गैदरिंग समारोह में उपस्थित सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी, निदेशक (का.) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तक./यो. एवं परि.) श्री बी. साईराम, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा एवं सीवीओ श्री पंकज कुमार

# डिजिटल इंडिया पर आधारित सेल्फी प्वाइंट का उद्घाटन

सीसीएल मुख्यालय में दिनांक 19 दिसम्बर को भारत सरकार की डिजिटल इंडिया विषय पर आधारित एक सेल्फी पॉइंट का उद्घाटन  सीएमडी, सीसीएल डॉ. बी. वीरा रेड्डी द्वारा किया गया। इस अवसर पर सीएमडी सीसीएल डॉ. बी. वीरा रेड्डी, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना) श्री बी. साईराम, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा एवं सीवीओ श्री पंकज कुमार उपस्थित थे। सभी ने सेल्फी प्वाइंट पर अपना सेल्फी ली। इसके अलावा मुख्यालय के बड़ी संख्या में कार्मिकों ने सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया।

ज्ञात हो कि भारत सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित मुख्यालय सहित विभिन्न क्षेत्रों में सेल्फी पॉइंट लगाए गए हैं।



डिजिटल इंडिया पर आधारित सेल्फी प्वाइंट का उद्घाटन करते सीएमडी, सीसीएल डॉ. बी. वीरा रेड्डी साथ में निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना) श्री बी. साईराम, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा एवं सीवीओ श्री पंकज कुमार

# निःशुल्क हृदय सम्बन्धी स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन

जन आरोग्य केंद्र सीसीएल की ओर से दिनांक 19.12.2023, मंगलवार को राँची के सुकुरहुट्टू बस्ती, कांके में निःशुल्क हृदय रोग सहित सहित अन्य बिमारियों को लेकर स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। सुकुरहुट्टू बस्ती में विषेशज्ञ डॉक्टरों ने 222  मरीजों की जाँच की और डॉक्टरी सलाह दिया। इस शिविर में विशेष कर होमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, हाइपरटेंशन इत्यादि का निःशुल्क जाँच किया गया।

शिविर के सफल आयोजन में डॉ. रत्नेश जैन, सीएमएस, सीसीएल, डॉ. मयूरी भट्टाचार्य, डॉ. प्रीति तिग्गा, डॉ. शशी कान्त प्रसाद, डॉ. अनीता होरो, डॉ, रजनी कुजूर, डॉ. दीपक सिंह, डॉ. अम्बरीष कुमार, डॉ. दीपाली एवं अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



सुकुरहुट्टू बस्ती में आयोजित स्वास्थ्य जाँच शिविर का एक दृश्य

# अंतर क्षेत्रीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता 2023–24 का आयोजन

## ढोरी क्षेत्र ओवरऑल विजेता एवं कथारा क्षेत्र उप विजेता रही

कथारा स्थित ऑफिसर्स क्लब, बोकारो  में दो दिवसीय सीसीएल अंतर क्षेत्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दिनांक 19 दिसंबर को क्षेत्र के महाप्रबंधक श्री दिनेश कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। समापन 20 दिसंबर को पुरस्कार वितरण के साथ किया गया। प्रतियोगिता का ओवरऑल विजेता ढोरी क्षेत्र तथा उप विजेता कथारा क्षेत्र रहे।

दो दिवसीय अंतर क्षेत्रीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में सीसीएल मुख्यालय सहित कथारा, ढोरी, बी एंड के, सीएआरएस बरकाकाना, चरही (हजारीबाग), एनके, पिपरवार तथा रजरप्पा क्षेत्र के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था।

विजेता प्रतिभागियों को क्षेत्र के महाप्रबंधक डी के गुप्ता, महाप्रबंधक उत्खनन जे एस पैकरा, सीसीएल मुख्यालय के मुख्य खेल प्रबंधक आदिल हुसैन, कथारा क्षेत्र के एसओपी जयंत कुमार द्वारा पुरस्कार स्वरूप प्रशस्ति पत्र व गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया।



पुरस्कार के साथ विजयी प्रतिभागीगण

समापन समारोह के मुख्य अतिथि सीसीएल मुख्यालय, राँची  के वेलफेयर विभाग की मुख्य प्रबंधक श्रीमती केया मुखर्जी, प्रबंधक (खेल) श्री आदिल हुसैन, विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्र के जीएम श्री डी के गुप्ता उपस्थित थे। निर्णायक मंडली में भारतीय संस्कृति कला, बोकारो के श्री राकेश रंजन एवं श्री सुजित्रा मिश्रा ने अहम भूमिका निभाई।

# कंठस्थ 2.0 के उपयोग पर एक कार्यशाला आयोजित

दिनांक 21.12.2023 को राजभाषा विभाग द्वारा मानव संसाधन विकास के प्रकाश कक्ष में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन महाप्रबंधक मानव संसाधन विकास, सीसीएल, रांची के श्री आर. के. पांडेय, द्वारा किया गया। कार्यशाला में राजभाषा अधिकारी डॉ. दिविक दिवेश ने कंठस्थ 2.0 के बारे में जानकारी दी। कंठस्थ 2.0 के उपयोग से कार्यालय में हिंदी का उपयोग और सहज और सरल हो जायेगा। ज्ञात हो कि कंठस्थ 2.0 ट्रांसलेशन मेमोरी पर आधारित एक सॉफ्टवेयर है जिससे अनुवाद प्रक्रिया में सहायता मिलती है। कार्यशाला में लगभग 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह कार्यशाला दो सत्रों में आयोजित की गई। इस कार्यशाला का सफल संचालन राजभाषा के अधिकारी तथा कर्मचारियों द्वारा किया गया ।

# सीसीएल में क्षेत्रीय जनसम्पर्क अधिकारिओं की बैठक

दिनांक 29 दिसंबर को सीसीएल मुख्यालय, राँची के प्रकाश सभागार में निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र की अध्यक्षता में सीसीएल के जनसम्पर्क अधिकारियों की एक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में क्षेत्रों सहित मुख्यालय के जनसम्पर्क के नोडल अधिकारियों ने भाग लिया।

उपस्थित सभी को सम्बोधित करते हुए निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि आज के वर्तमान परिप्रेक्ष में कंपनी के उपलब्धियों, जन–कल्याणकारी कार्यों को हितधारकों तक पहुँचाने में जनसम्पर्क की भूमिका अत्यंत ही महत्वपूर्ण हो जाती है। कंपनी का प्रत्येक कर्मी अपने–आप में कंपनी की ब्रांड अम्बैसडर की तरह होता है जो अपने कार्य निष्पादन तथा कर्तव्य परायणता से कंपनी की सकारात्मक छवि का निर्माण करता है।



निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित करते विभागाध्यक्ष (जनसंपर्क) श्री आलोक कुमार


बैठक को संबोधित करते निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र

विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) श्री आलोक कुमार ने कंपनी द्वारा किये जा रहे जनसम्पर्क गतिविधियों के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए भविष्य के ब्रांडिंग गतिविधियों के रोड मैप के लिए सभी क्षेत्रीय अधिकारियों से बातचीत की। सभी क्षेत्रों के समन्वय से कंपनी के बेहतर ब्रांडिंग हेतु पहली बार क्षेत्रीय जनसम्पर्क अधिकारियों को नामित किये गए हैं। बैठक में आगामी कोल इंडिया मैराथन 2024 में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने हेतु प्रचार–प्रसार के रणनीतियों पर विमर्श किया गया। सभी नोडल अधिकारीयों ने उपरोक्त सन्दर्भ में अनेक रचनात्मक सुझाव दिए।

बैठक का सफल आयोजन में विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) श्री आलोक कुमार एवं उनके टीम का सक्रिय सहयोग रहा।

“ सब्र कोई कमजोरी नहीं होती है।
ये वो ताकत होती है,
जो सब में नहीं होती। ”

# सीसीएल में सेवानिवृत्त कर्मियों को भावभीनी विदाई




सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ सीएमडी, सीसीएल डॉ. बी. वीरा रेड्डी, निदेशक (तकनीकी) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र एवं निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा

सीसीएल मुख्यालय में विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हो रहे 9 कर्मी – श्री राजेंद्र सिंह, महाप्रबंधक (वित्त), श्री स्वयं प्रकाश, मुख्य प्रबंधक (कार्मिक), डॉ. कृष्ण कांत दास, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. संजय कुमार केडिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गांधीनगर, श्री विजय कुमार, मुख्य प्रबंधक (कार्मिक), श्री अमरेश भटनागर, मुख्य प्रबंधक (उत्खनन), श्री विजय कुमार सिंह, सहायक प्रबंधक (सचिवालय), श्रीमती अजित कुमार किंडो, ओ.एस (ए–1) तथा श्री बिमल ओरॉव, ओटी सहायक को दिनांक 30 दिसम्बर को सीसीएल परिवार की ओर से एक "सम्मान समारोह" का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर महाप्रबंधक (पेंशन) श्री यू. पी. नारायण, महाप्रबंधक (ईई) श्री संजय ठाकुर तथा सीएमएस, सीसीएल डॉ. सुमन सिंह उपस्थित थे। दिसम्बर माह में मुख्यालय सहित पूरे सीसीएल से 113 कर्मी सेवानिवृत्त हुए ।

इस अवसर पर सीसीएल सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी, निदेशक तकनिकी(सं ) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक ) श्री हर्ष नाथ मिश्र तथा निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा उपस्थित थे। ज्ञात हो कि नवंबर माह में मुख्यालय सहित पूरे सीसीएल से 113 कर्मी सेवानिवृत्त हुए ।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों के कार्यानुभवों पर एक शॉर्ट फिल्म (विडियो क्लिप) प्रदर्शित किया गया। इस वीडियो में कर्मियों ने अपने संपूर्ण सेवाकाल के यादगार लम्हों को सबसे साझा किया। सेवा. निवृत्त कर्मियों ने कंपनी के प्रति शुभेच्छा प्रकट करते हुए कहा कि कंपनी हमारे पूरे सेवा काल में जीवन का एक अभिन्न अंग रही है। उन्होंने सभी को धन्यवाद देते हुए कंपनी के उत्तरोत्तर विकास की कामना की।

सीएमडी, डॉ रेड्डी ने समारोह के मुख्य आकर्षण सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को सेवाकाल के सफल समापन बधाई देते हुए कहा कि आप सभी के योगदान के फलस्वरूप कंपनी सफलता के मार्ग पर अग्रसर है निश्चित रूप से आपके अनुभव की कमी हमें महसूस होगी । आप सब की मेहनत और सार्थक प्रयास से कंपनी नई ऊँचाई छु रही है। डॉ रेड्डी ने सभी सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के जीवन के दूसरी पाली के लिए शुभकामनाएं दी।

अवसर विशेष पर निदेशक तकनिकी(सं ) श्री राम बाबू प्रसाद ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए कहा कि आज से आप सभी एक नए भूमिका में होंगे । श्री प्रसाद ने कर्मियों को रचनात्मक एवं सकारात्मक कार्य में स्वयं को संलिप्त करने की सलाह दी।

निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र ने कर्मियों को स्वस्थ्य दिनचर्या अपनाने की सलाह देते हुये कहा कि आप जहाँ भी रहे स्वस्थ्य एवं सुखी रहे। उन्होंने कर्मियों के परिजनों का आभार जताते हुये कहा कि आपके सहयोग एवं त्याग के बदौलत ही सेवा काल में हमारे कर्मी अपना शत प्रतिशत दे पायें।

निदेशक (वित्त), श्री पवन कुमार मिश्रा ने सेवानिवृत कर्मियों को संबोधित करते हुये कहा कि आप एक भूमिका से दूसरी भूमिका निभाने जा रहे हैं। सेवानिवृत्ति के बाद भी सीसीएल परिवार के अभिन्न अंग हैं और हमें पूर्ण विश्वास है कि अपने अनुभवों और सुझावों से हमें अनुगृहित करते रहेंगे।

सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के परिजन उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्याण विभाग एवं अन्य सम्बंधित विभागों का विशेष योगदान रहा।

# सोशल मीडिया में सीसीएल

**Central Coalfields Limited** @CCLRanchi

CCL is breaking records and scaling new heights.

CCL achieved 50 MT Coal Production mark on 10/11/23, a remarkable feat attained 25 days ahead of previous fiscal year.

Proud to be setting new benchmarks in fulfilling the energy demands of Nation.

Congratulations! #TeamCCL.




**Central Coalfields Limited** @CCLRanchi

"Selfie point :: Digital India" installed at CCL HQ. Dr B. Veera Reddy, CMD CCL and FD's clicked selfies at the point.
A large number of employees are clicking selfies at these points installed at different locations of CCL.
#AtmaNirbharBharat




Coal India Limited and 9 others

4:30 PM · 19/12/23 From Earth · **305** Views

View analytics

**Central Coalfields Limited** @CCLRanchi

#TeamCCL congratulates Ms Amisha Kerketta, a cadet of @jsspsociety a joint venture of CCL and Jharkhand government, on winning the Silver medal in "IBA World Junior Boxing Championship 2023". A proud moment for the state and the entire country.




Office of Pralhad Joshi and 17 others

Last edited 1:36 PM · 04/12/23 From Earth · **388** Views

View analytics

**Central Coalfields Limited** @CCLRanchi

Kudos to #TeamCCL for an outstanding performance at the 52nd All India Mines Rescue Competition 2023. 2nd Runner-Up Overall, Best in Statutory Test, 3rd Best in Theory Exam, and Best Member award for Sri Himanshu Kumar
Congratulations to achievers on the amazing accomplishment.




Pralhad Joshi and 11 others

11:46 AM · 16/12/23 From Earth · **468** Views

View analytics

(आंतरिक वितरण हेतु सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित)
सम्पादक : आलोक कुमार, विभागाध्यक्ष, जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, उप प्रबंधक (जनसम्पर्क), मयंक कश्यप, उप प्रबंधक (सीडी), मनीष कुमार तिवारी, एमटी, जनसम्पर्क विभाग